BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
Monday
16-05-2022
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

### कटरीना ने साझा की वीकेंड की झलक

कटरीना कैफ कैजुअल शर्ट और डेनिम की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं।इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने खास कैप्शन लिखा है। 11

### ब्रिटनी स्पीयर्स का मिसकैरेज

हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स का हाल ही मिसकैरेज हो गया। इसकी जानकारी खुद ब्रिटनी ने सोशल मीडिया पर दी है। 11



### माधुरी के जन्मदिन पर नेने ने लिखा प्यार भरा नोट

माधुरी की प्यारी तस्वीर शेयर करलिखा है-'दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला को जन्मदिन की बधाई, मेरी पत्नी, मेरी आत्मा, मेरी सबसे अच्छी दोस्त। 11

### कोलकाता ने हैदराबाद को 54 रनों से हराया

आईपीएल के 61वें मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 54 रनों से हरा दिया। 10



www.bordernewsmirror.com

# BRIEFLY

### गांधी जयंती से कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा- सोनिया गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चिंतन शिविर के अंतिम दिन रविवार को घोषणा की कि पार्टी 'भारत जोड़ो यात्रा' का आयोजन करेगी। इस साल गांधी जयंती यानी 2 अक्टूबर से देश में सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा इस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पार्टी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' करेगी। कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 13 से 15 मई तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय चिंतिन शिविर के बाद कहा कि हमारा नव संकल्प है, 'वी विल ओवरकम' - हम (संकट) से बाहर आयेंगे।' कांग्रेस ने इस चिंतन शिविर को 'नव संकल्प चिंतन शिविर' नाम दिया था। सोनिया गांधी ने कहा कि देश में वर्तमान समय में 'सामाजिक सौहार्द' काफी दवाब झेल रहा है। वहीं संवैधानिक मूल्यों पर लगातार हमले हो रहे हैं। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए ही भारत जोड़ो यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा में लोगों की समस्याओं को भी उठाया जाएगा। इससे पहले अगले माह 15 जून से जिला स्तर पर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मकसद लोगों की बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं के प्रति जागरुक करना है। सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के भीतर बदलाव को लेकर जल्द ही एक टास्कफोर्स का गठन किया जाएगा।

## Trending News

### दो दिन में ज्ञानवापी के तहखाने से गुंबद तक वीडियोग्राफी, आजभी होगा सर्वे

बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में लगातार दूसरे दिन रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद परिसर का सर्वे किया गया। कोर्ट कमिश्नर और दोनों पक्षों की मौजूदगी में टीम ने मस्जिद के भीतर और ऊपर के कमरों, पश्चिम दीवार और गुंबदों का सर्वे किया। इस दौरान वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी हुई। सर्वे सोमवार को भी जारी रहेगा। टीम ने वीडियोग्राफी की रिकॉर्डिंग कोर्ट कमिश्नर को सौंप दी। इसके बाद टीम को काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट से कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा के निर्देश पर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने पहले से ऊपर के कमरों के ताले खुलवा दिए थे। टीम ने चारों कमरों का सर्वे किया। तहखाने में जिला प्रशासन ने ही प्रकाश की व्यवस्था कराई। तहखाने के पुराने खम्भों, दरवाजों और दीवारों को मापा गया। खम्भों पर उभरी आकृतियों पर जमी धूल को हटाया गया। जिलाधिकारी के मुताबिक रविवार को भी कोर्ट कमिश्नर की मौजूदगी में सभी पक्षकारों की उपस्थिति में प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक सर्वे किया गया। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के श्रद्धालुओं को ढूंढी राज गणेश और गंगा नदी द्वार के माध्यम से प्रवेश देते हुए ज्ञानवापी के संयुक्त द्वार नंबर 4 को जन सामान्य के प्रवेश को चार घंटे बंद रखा गया।



# लुंबिनी यात्रा का उद्देश्य भारत-नेपाल संबंधों को और मजूबत करना : प्रधानमंत्री मोदी

बीएनएम@नई दिल्ली।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपनी लुंबिनी (नेपाल) यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी वक्तव्य में कहा कि पड़ोसी देश के साथ भारत के संबंध अद्वितीय हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य भारत-नेपाल संबंधों को और मजूबत करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने वक्तव्य में कहा, "मैं नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर 16 मई को लुंबिनी, नेपाल का दौरा करूंगा।" उन्होंने आगे कहा, "मैं बुद्ध जयंती के शुभ अवसर पर मायादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए उत्सुक हूं। मैं भगवान बुद्ध के पवित्र जन्म स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लाखों भारतीयों के नक्शेकदम पर चलने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।" प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने उनकी भारत यात्रा के दौरान सार्थक चर्चा के बाद मैं फिर से प्रधानमंत्री देउबा से मिलने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, "पवित्र मायादेवी मंदिर में जाने के अलावा, मैं लुंबिनी मठ क्षेत्र में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बौद्ध कल्चर एंड हेरिटेज के "शिलान्यास" समारोह में भी भाग लूंगा। मैं नेपाल सरकार द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती समारोहों में भी भाग लूंगा।" प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल के साथ हमारे संबंध अद्वितीय हैं। मेरी यात्रा का उद्देश्य इन समय-सम्मानित संबंधों का जश्न मनाना और उन्हें और गहरा करना है, जो सदियों से पोषित हैं और हमारे अंतर्संबंध के लंबे इतिहास में दर्ज हैं।

# डॉ. मानिक साहा ने ली त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ



बीएनएम@अगरतला

अगरतला। त्रिपुरा भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य मानिक साहा ने रविवार को राज्य के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने यहां राजभवन में आयोजित समारोह में शपथ दिलाई। फिलहाल मानिक साहा ने अकेले शपथ ग्रहण किया है। उनके मंत्रिमंडल का विस्तार कुछ दिन बाद होने के कयास लगाए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल में कौन-कौन होगा। यह अभी साफ नहीं है। भाजपा नेता बिप्लब कुमार देब के शनिवार को पद से इस्तीफा देने के बाद राज्य के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले 69 वर्षीय डॉ. मानिक साहा को सर्वसम्मति से विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया था। राज्य में अचानक उत्पन्न हुए राजनीतिक उठापटक से जनता आश्चर्यचकित है। मानिक साहा 2016 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए थे शामिल: वर्ष 2016 में कांग्रेस छोड़ने के बाद मानिक साहा भाजपा में शामिल हो गए थे। 2020 में उन्हें पार्टी का प्रमुख बनाया गया। इस साल मार्च में उन्हें राज्यसभा भेजा गया। वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदलना किसी के गले नहीं उतर रहा है

# मुंडका अग्निकांड: 27 में से सिर्फ आठ की ही हो पाई पहचान, दूसरी मंजिल पर शवों 45 छोटे-छोटे और कुछ बड़े टुकड़े मिले

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मुंडका अग्निकांड में पुलिस सीसीटीवी एवं वाईफाई राउटर कंपनी के संचालक भाईयों समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। उधर घटना स्थल पर रविवार को भी जांच का काम जारी रहा। एफएसएल के अलावा एसडीएम पंजाबी बाग सुबह के समय जांच के लिए पहुंची। वहीं डीसीपी समीर शर्मा ने बताया कि फिलहाल मामले में मृतकों की संख्या 27 ही है। जिनमें केवल आठ की ही पहचान हो सकी है। बाकी पता चला है कि मृतकों में 21 महिलाएं और छह पुरुष हैं। शनिवार को 20 मृतकों के शवों और उनके परिजनों के डीएनए सैंपल लिये गए थे। बाकी के सैंपल रविवार को इक्ट्ठा कर लिये गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पांच से 10 दिन बाद जब डीएनए सैंपल की रिपोर्ट आएगी, उसके बाद ही शवों की पहचान हो पाएगी। हालांकि एफएसएल टीम से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शनिवार को जांच के दौरान टीम को दूसरी मंजिल पर शवों 45 छोटे-छोटे और कुछ बड़े टुकड़े मिले थे। इनको इक्ट्ठा कर मोर्चरी भेज दिया गया था। इसका पता नहीं चल सका था कि यह टुकड़े पहले से मिले शवों के हैं या गायब हुए किसी अन्य के हैं। हालांकि हादसे में 31 लोगों के गायब होने की बात की जा रही है



# आप मुझे जमीन दें, हम आपको उद्योग देंगे : मंत्री




बीएनएम@बांका

बांका। सूबे के उद्योग मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन शनिवार की देर रात बांका पहुंचे. उनका रात्रि विश्राम शहर स्थित सर्किट हाउस में हुआ. रविवार को मंत्री कटोरिया प्रखंड पहुंचे. जहां उन्होंने केंद्र का उदघाटन किया. जिसके बाद बांका पहुंचकर समाहरणाय के मिनी सभागार में अधिकारियों के साथ एक बैठक किया. बैठक में प्रमुख रुप से जिला अंतर्गत उद्योग विभाग की योजनाओं का विभागीय पदाधिकारियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, बैंकर्स के साथ समीक्षात्मक की गयी. बैठक के शुरुआत में डीएम अंशुल कुमार उद्योग मंत्री व जनप्रतिनिधियों को स्वागत किया। अपर समाहर्ता माधव कुमार सिंह ने उद्योग विभाग के संचालित योजनाओं से संबंधित विस्तृत रुप से जानकारी दी. उद्योग विभाग महाप्रबंधक ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित 310 लाभुकों में से मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा अति पिछड़ा उद्यमी योजना एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना के लाभुकों का 1.1 बैच का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है. जिसे दो किस्तों में दस लाख रुपया तक उपलब्ध कराया जायेगा. मौके पर मंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश दिये। उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग विभाग योजना के तहत यदि किसी के पास 50 एकड़ से ज्यादा जमीन है और यदि वह एमबीआर दर पर बेचने का ऑफर करेंगे तो सरकार उसे खरीद लेगी. उन्होंने डीएम को कहा कि जिले में कितनी सरकारी जमीन है, इस संबंध में सभी अंचलाधिकारी के साथ बैठक करें तथा आपके द्वारा जिले में जो भी सरकारी जमीन उद्योग विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा, सरकार उस पर उद्योग लगायेगी. उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एक नारा दिया कि आप मुझे जमीन दें, हम आपको उद्योग देंगे. बैठक के अंत में जिला प्रशासन बांका की ओर से डीएम ने उद्योग मंत्री को जिले के मनिया में निर्मित चांदी का मछली एवं इम्बोदरी उद्योग कुर्मा धोरैया द्वारा हस्तनिर्मित मोमेंटो देकर उद्योग मंत्री को सम्मानित किया. इस मौके पर ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत कुमार, सांसद गिरिधारी यादव, बेलहर विधायक मनोज यादव, कटोरिया विधायक निक्की हेम्ब्रम, एमएलसी विजय सिंह आदि मौजूद थे. जिले के सुमखियामोड़ स्थित सिरेमिक फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यहां टाइल्स निर्माण कराने की बात कही है. उन्होंने कहा कि गुजरात से टाइल्स बिहार व पूर्वोत्तर भारत में पहुंचने में एक हफ्ते का वक्त लगता है और खर्च भी बढ़ता है. बिहार में टाइल्स उत्पादन का अच्छा विकल्प बन सकता है. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सपनों के बिहार में बांका का औद्योगिक विकास सबसे महत्वपूर्ण रहेगा. बांका में कहा कि बिहार का उद्योग मंत्री इसलिए बने हैं कि बांका सहित पूरे बिहार में उद्योग लगाने के क्षेत्र में सकारात्मक पहल के साथ आगे बढ़ना है. ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से सृजित किया जा सके. इसके बाद मंत्री का काफिला अमरपुर प्रखंड क्षेत्र के कटोरिया गांव पहुंचे. जहां डाइंग भवन का उद्घाटन उद्योग मंत्री शहनवाज हुसैन, ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत राज, सांसद गिरधारी यादव व पूर्व सांसद पुतुल कुलार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया।

## NEWS IN BRIEF

### मंत्री ने नवनिर्मित डाइंग भवन का किया उदघाटन

जिले के सुमखियामोड़ स्थित सिरेमिक फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने यहां टाइल्स निर्माण कराने की बात कही है. उन्होंने कहा कि गुजरात से टाइल्स बिहार व पूर्वोत्तर भारत में पहुंचने में एक हफ्ते का वक्त लगता है और खर्च भी बढ़ता है. बिहार में टाइल्स उत्पादन का अच्छा विकल्प बन सकता है. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सपनों के बिहार में बांका का औद्योगिक विकास सबसे महत्वपूर्ण रहेगा. बांका में कहा कि बिहार का उद्योग मंत्री इसलिए बने हैं कि बांका सहित पूरे बिहार में उद्योग लगाने के क्षेत्र में सकारात्मक पहल के साथ आगे बढ़ना है. ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से सृजित किया जा सके. इसके बाद मंत्री का काफिला अमरपुर प्रखंड क्षेत्र के कटोरिया गांव पहुंचे. जहां डाइंग भवन का उद्घाटन उद्योग मंत्री शहनवाज हुसैन, ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत राज, सांसद गिरधारी यादव व पूर्व सांसद पुतुल कुलार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया।

मौके पर भवन में बने इलेट्रॉनिक रिलिंग मशीन, रेशम डाइंग मशीन व ड्रायक्लीन मशीन का निरीक्षण किया. बताया गया कि 50 लाख की लागत से डाइंग हाउस का निर्माण किया गया है. इसका निर्माण भागलपुर मेगा हैंडलूम कलस्टर अंतर्गत कटोरिया प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड में किया गया है. इससे सिल्क-सूती का धागा का रंग यहां मशीन व कंप्यूटर यानी नयी तकनीक के माध्यम से किया जायेगा. इस मौके पर पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी, हाजी ताजउद्दीन, ऐजाज उर्फ टार्जन, हैदर, दानिश, मिट्ठू, गुलाम, कयूम के अलावा बीडीओ राकेश कुमार, बीपीआरो हिमांशु शेखर व प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार, नीलम सिंह, पंकज दास, हसनैन, रोहित साह आदि मौजूद थे।

## दामाद ने ससुर के साथ मिलकर की पत्नी की प्रेमी की हत्या

बीएनएम@नवादा

नवादा। जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में प्रेम प्रसंग में युवक की गला दबाकर हत्या राज खुलते ही रविवार को पुलिस ने दामाद व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है ।इलाका में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तेतरिया गांव के लखन देव शर्मा का 24 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार की हत्या के आरोप में पुलिस ने 9 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जहां पर पुलिस के द्वारा लड़की के पति और पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया है कि आवेदन मिलते ही मामला दर्ज की गई है। लड़की के पिता विजय पंडित व दमाद जितेंद्र पंडित को गिरफ्तार किया गया है। टुन्नू कुमारी की विवाह 9 मई को बनिया बीघा के जितेंद्र पंडित के साथ हुआ हैं।

## आरसीपी समर्थकों को पार्टी से बाहर करने की तैयारी

बीएनएम@गया

गया। गया जिला में जनता दल यूनाइटेड में केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के समर्थकों पर निकट भविष्य में गाज गिरना तय माना जा रहा है। महानगर अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू वर्णवाल के व्यवसायिक परिसर में रविवार को पार्टी के पुराने साथियों की बैठक बुलाई गई। जिसमें पार्टी के प्रायः सभी पदधारक भी शामिल थे। प्रदेश से आए गया जिला के संगठन प्रभारी मुकेश विद्यार्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह का कहना है कि समता पार्टी में सक्रिय रहे पुराने साथियों को पार्टी में सम्मान मिलेगा। साथ ही जिसने भी पार्टी में गुटबाजी को बढ़ावा दिया है। उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। वरिष्ठ नेता डॉ अरविन्द सिंह ने इस मौके पर कहा कि पार्टी के एक नहीं सैकड़ों की संख्या में रहे निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आरसीपी सिंह के दो करीबी नेताओं ने गया से लेकर प्रदेश संगठन से न केवल बाहर का रास्ता दिखाया। बल्कि गगन बिहारी नेताओं को पार्टी में अहम भूमिका निभाने के लिए पदधारक बना दिया।इनमें जमीन और अन्य धंधे से जुड़े कारोबारी शामिल हैं। मौके पर पूर्व विधायक बिनोद यादव, कृष्ण नंदन यादव, रामचंद्र सिंह,अजय पासवान, बिनोद कुमार,रौशन कुमार, राजू वर्णवाल आदि उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद दांगी ने किया।

## देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ नक्सली गिरफ्तार

बीएनएम@बांका।

बांका। बांका एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ बेलहर प्रेमचंद सिंह के नेतृत्व में बेलहर थाना एवं एसएसबी बेलहर ने संयुक्त अभियान चलाकर गत 13 मई को हथियार के साथ एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया है. इस मामले में बांका के नये एसपी डा. सत्यप्रकाश ने रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया है कि गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व 2 मोबाइल भी बरामद किया है. नक्सली को बेलहर थाना क्षेत्र के बसमता रोड में दर्शनिया स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया है. इनके उपर जमुई जिला के विभिन्न थानों में 17 मामलों के अलावा झारखंड के कई थानों में भी नक्सली कांड, हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, रंगदारी सहित कई संगीन मामले दर्ज है.



## पत्नी व सास को धारदार हथियार से काटा



बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र उकौड़ा गांव में रविवार को जहां एक सनकी दामाद ने अपनी सास एवं पत्नी को धारदार हथियार से काट डाला। अचानक चीखने की आवाज सुन लोग जब नीचे उतरे तबतक दामाद घटना को अंजाम देकर छत से कूदकर भाग निकला। हमले में 70 वर्षीय गौरी देवी एवं उसकी पुत्री 35 वर्षीया शांति देवी गंभीर रूप से जख्मी हुई हैं। दोनों को इलाज के लिए फिलहाल विम्स पावापुरी लग जाया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जाता है कि बुधौली निवासी हरि चौधरी की अपनी पत्नी शांति देवी से विवाद चल रहा था। पत्नी अपने मायके उकौड़ा में पिता सुखदेव चौधरी के घर रह रही थी। हरि चौधरी ससुराल स्थित घर में घुसकर पत्नी शांति देवी धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसके बाद सास गौरी देवी पर भी हसुली से वार किया। घटना में जहां शांति देवी का एक हाथ और एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया, वहीं गौरी देवी का पेट फट गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला। परिजन दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लेकर पहुंचे। जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद पकरीबरावां थाना की पुलिस ने मामलें की जांच की। इस बावत परिवार की महिला सोनिया देवी ने बताया कि करीब दो साल से दोनों पति-पत्नी में अनबन चल रहा था। परिजन पंचायत कर विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रहे थे। पति हरि चौधरी पर पत्नी के साथ मारपीट कर प्रड़ताड़ित करने का आरोप था। जिसके कारण ही पत्नी मायके उकौड़ा में ही रहा रही थी। इस बावत थानाध्यक्ष शिशुपाल ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस को गांव भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलते ही अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास में शुरू हुआ नियमित योगवर्ग




बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले में वर्ष 1927 में स्थापित भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास ट्रस्ट के तत्वाधान में नियमित योगवर्ग का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बिहार के सुप्रसिद्ध यूरोलोजिस्ट डॉ. अजय कुमार, एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार, पारस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सुहास आरध्येय, मुख्य ट्रस्टी राय सुन्दरदेव शर्मा, शिक्षाविद आलोक शर्मा व समाजसेवी विनय सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। योगवर्ग का नियमित संचालन योगाचार्य बीरेंद्र कुमार के देख रेख में किया जायेगा। मौके पर उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. अजय कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग अत्यंत जरुरी है। योग शरीर के सभी मांसपेशियों के साथ स्वास और मस्तिष्क को जोड़ता है, जिससे शरीर में एक नई व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने युवाओं को योग से जुड़ने का आवाह्न करते हुए कहा कि इससे हमारा भावीपीढी स्वस्थ रहेगा। डा.अजय कुमार ने अपने गृह जिला में ऐसे सार्थक पहल की सराहना करते हुए इस योगवर्ग के नियमित संचालन के लिए सहयोग के रुप में 5000 रुपये प्रत्येक माह देने की भी घोषणा की। मुख्य अतिथि एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि योग वर्ग का नियमित संचालन भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास में हो रहा है यह शहर के लिए बहुत बड़ा सहयोग है। हम सभी योग वर्ग में नियमित स्वास्थ्य लाभ के लिए भाग ले और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इस योग वर्ग में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उक्त मौके पर पारस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुहास अराध्येय ने कहा कि मैं इस जिले में पहली बार आया हूँ तो चम्पारण वासियों के लिए एक सौगात के रुप में मोतिहारी स्थित रेडक्रॉस सोसायटी में तीन प्रकार के कैंसर स्कैनिंग जांच इक्यूपमेंट लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त इक्यूपमेंट की इन्सटॉलेशन 12 जून को किया जाएगा। वही राय सुन्दरदेव शर्मा ने कहा कि सदर अस्पताल में संचालित हो रहे योगवर्ग कि अवधि समाप्त हो जाने के कारण मोतिहारी वासियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए छात्रावास में योगवर्ग संचालित करने के लिए इस स्थान का चयन किया गया है। अतिथियों का स्वागत स्वागताध्यक्ष आलोक शर्मा ने पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र दे कर किया। अपने सम्बोधन में कहा कि योग से निरोगी काया मिलता है। उन्होंने कहा कि छात्रावास में योगवर्ग के नियमित संचालन से शहरवासियों को स्वस्थ रहने का उचित स्थान मिल गया है। मौके पर डॉ राकेश कुमार, डॉ पुष्कर कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ एच पी ठाकुर, डॉ शत्रुघ्न प्रसाद, प्रो. अखिलेश सिंह, हरि सिंह, मिथिलेश सिंह, रवि राय, टुन्नी सिंह, सुरेंद्र कुमार, अमरेंद्र सिंह, नीरज शर्मा, आलोक चन्द्र, विनय कुमार, आंनद कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, उमेश ठाकुर, सुमन सिंह, राय रोहित शर्मा, संजय सिंह, सुधांशु शर्मा, ललन राय सहित दर्जनों योगप्रेमी पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थे।

## NEWS IN BRIEF

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह श्री विष्णु महायज्ञ धूमधाम व भक्तिमय माहौल हो रहा मंत्रोचारण

रामगढ़वा। रामगढ़वा के सकरार मुसहरी में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह श्री विष्णु महायज्ञ धूमधाम व भक्तिमय माहौल में चल रहा है। इस यज्ञ में सुबह से लेकर शाम तक हो रहे वैदिक मंत्रोचार से पूरा प्रखंड क्षेत्र भक्ति मय हो गया है।यज्ञ में बिहार के नामी-गिरामी व महत्वपूर्ण लोगों का पदार्पण हो चुका है। एल आई सी के एसोसिएट वह मोतिहारी नगर के चेयरमैन के संभावित प्रत्याशी अनिल कुमार वर्मा,एमएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार यज्ञ के पहले दिन पधारकर ज्ञान मंच का उद्घाटन किया। वहीं शनिवार की संध्या बिहार सरकार के विधि एवं गन्ना मंत्री प्रमोद कुमार भी यज्ञ में आए व यज्ञ की प्रशंसा की। यज्ञ में बड़ा मेला का भी आयोजन किया गया है। रात्रि में मेला देखने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।मशहूर भजन गायक पं अखिलेश्वर मिश्रा का दिन में भजन कार्यक्रम चल रहा है।

मुख्य यज्ञाचार्य पंडित मुना उपाध्याय की अध्यक्षता में पं विकास शुक्ला, पं अरविंद दूबे, पं जयप्रकाश मिश्रा, पं प्रशांत तिवारी,पं दीपेंद्र कुमार व अन्य विद्वान पंडितों के समवेत वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण पवित्र हो रहा है। आचार्य पंडित उपाध्याय ने बताया कि यज्ञ का आयोजन विश्व बंधुत्व व आपसी भाईचारे को स्थापित करने को लेकर किया जाता है।इनकी अध्यक्षता में कई विद्वान पंडितों को बुलाया गया है। यज्ञ में मुख्य यजमान व हनुमान मंदिर निर्माता डॉ प्रभाष प्रसाद वर्मा,श्यामदेव पांडेय,रविंद्र पांडेय, बिहारी साह,रामयोध्या साह,पन्नालाल ठाकुर इत्यादि बने हुए हैं।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने की पूर्व मंत्री से मुलाकात

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। बिहार विधान सभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा शनिवार की देर शाम रामनगर पहुंचे। उन्होंने विलासपुर जाकर पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन राय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री का कुशल क्षेम जाना। दोनों के बीच बात चीत हुई।रामनगर पहुंचने पर नगर के मौके पर रामनगर की विधायक भागीरथी देवी, बगहा के विधायक राम सिंह,भाजपा नेता मधुकर राय, पंकज झुनझुनवाला, प्रमोद साह, सौरभ पाण्डेय, जनक साह, सुरेश गुप्ता, दीपू राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव, बगहा एसडीएम दीपक मिश्रा, रामनगर बीडीओ चंद्रगुप्त कुमार बैठा, थानाध्यक्ष अनंत राम समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि वह भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन राय से मिलने यहां पहुंचे है।

# बंजरिया थाना क्षेत्र मे गिरफ्तार आरोपी के मौत के बाद सदर अस्पताल में हंगामा

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के बंजरिया थानाक्षेत्र के झखिया गांव मे शराब के साथ गिरफ्तार सोहन राम की इलाज के दौरान मौत होने के बाद आज जमकर हंगामा हुआ।उल्लेखनीय है कि गत 12 मई को सोहन राम को बंजरिया पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा था लेकिन उसकी खराब हालत को देख जेल प्रशासन ने जेल मे रखने के बजाय सदर अस्पताल भेज दिया।जहां इलाज के दौरान आज उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना सदर अस्पताल पहुंचे राजद के पूर्व विधायक राजेन्द्र राम व उनके समर्थको ने सोहन के शव को सदर अस्पताल के गेट पर रख धरना देते हुए जमकर हंगामा किया। राजद नेता राजेन्द्र राम ने बंजरिया पुलिस पर आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के बाद सोहन राम की जमकर पिटाई की गयी। जिस कारण उसकी मौत हो गई। राजेन्द्र राम ने कहा कि सोहन अपने परिवार अकेला कमाने वाला व्यक्ति था।जिसकी मौत होने से पूरा परिवार संकट मे घिर गया है। ऐसे मे मृतक के परिजनो को मुआवजा के साथ सरकारी नौकरी दिया जाय।धरना और हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे मोतिहारी प्रखंड के बीडीओ अरविन्द कुमार,नगर थानाध्यक्ष विजय राय व अन्य अधिकारियो ने आक्रोशित लोगो को किसी तरह समझा बुझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पीकअप वैन की ठोकर से एक महिला की मौत, एक घायल

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी । पूर्वी चंपारण जिला सुगौली थाना क्षेत्र में सड़क हादसा रुकने का नाम नहीं ले रहा है लोग आए दिन सड़क हादसे का शिकार हो रहे है, इसी बीच फिर थाना क्षेत्र के अमीर खान टोला के समीप पीकअप वैन की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत रविवार को हो गई। जानकारी के अनुसार रक्सौल की ओर जा रही पिकअप ने सुगौली रक्सौल राजमार्ग अमीर खां टोला के समीप सुगौली की ओर से जा रहा बाइक सवार महिला को पीकअप वैन ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और बाइक चला रहा व्यक्ति घायल हो गया। ठोकर लगने पर भाग रहे पीकअप वैन को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। घटना स्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंच कर दोनों को पीएचसी भेज दिया। महिला की घटना स्थलपर ही मौत हो गई कर युवक का प्राथमिक उपचार किया के लिय पीएचसी में भेजा गया।



# संयुक्त छापेमारी अभियान में 29 गिरफ्तार



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोतिहारी पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सुनियोजित व संयुक्त छापेमारी अभियान मे 29 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।साथ ही मद्य निषेध कानून को प्रभावी बनाने की दिशा में पुलिस और उत्पाद विभाग के टास्क फोर्स की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही जिले में एटीएम, बैंक,बाजार सहित आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम निरंतर गश्त कर रही है।उक्त जानकारी एसपी डॉ कुमार आशीष ने देते बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध योजनाबद्ध अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। जिसमे आज कुल 29 गिरफ्तार अभियुक्तों में 02 हत्या एवं 01 हत्या के प्रयास के कांड के आरोपी शामिल हैं। मुख्य गिरफ्तारियों में पिपरा थाना के महारानी गांव से लालू राम एवं रघुनाथपुर थाना से धीरन राम थाना सुगौली को हत्या तथा तुरकौलिया थाना के सेमरा गांव से मजरुल अंसारी को हत्या के प्रयास के कांड में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुल 09 मद्यनिषेध कांड के अभियुक्त भी शामिल हैं।साथ ही एंटी लीकर टास्क फ़ोर्स ने लखौरा, मुफ्फसिल,मधुबन,जय बजरंग ओ.पी,शिकारगंज, पहाड़पुर एवं नकरदेई थाना क्षेत्र अंतर्गत संयुक्त सघन छापामारी अभियान चलाया गया। एसपी ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। नतीजतन नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों से 12,000 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं रात्रिकालीन आपराधिक घटनाओं के निवारण,कोविड निर्देशों का अनुपालन एवं संवेदनशील संस्थानों, बैंक, एटीएम, आदि की प्रभावी सुरक्षा के लिए रात्रि गश्ती सम्पूर्ण जिले में जारी है।

# वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना पर्यटन के रूप में देश-विदेश में ख्यातिप्रद :विजय सिन्हा



बीएनएम@ बगहा

**-भारत नेपाल को जोड़ता गंडक बराज अपनी सुंदरता के कारण पर्यटकों को भाता है :विजय सिन्हा**

**-राज्य सरकार और केंद्र सरकार वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना को और विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहें हैं**

बगहा। बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना का भ्रमण करने के लिए वाल्मीकिनगर के सिंचाई विभाग के अतिथि भवन पहुंचे। रविवार की अहले सुबह वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के अधिकारियों के साथ विधान सभा अध्यक्ष सिन्हा जंगल सफारी के लिए निकले, जहां वन संपदा और वन्यजीवों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का नजदीक से निरीक्षण किया।भ्रमण और निरीक्षण दौरान क्षेत्र में प्राचीन काल से स्थापित आस्था और श्रद्धा के केंद्र जटाशंकर और महाकालेश्वर मंदिर का दर्शन किया। विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा को सिंचाई विभाग के अतिथि भवन परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर पत्रकारों को बताया कि वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना पर्यटन नगरी के रूप में देश-विदेश में ख्यातिप्रद हो चुका है। यहाँ की नारायणी- गंडकी, सटे पड़ोसी देश नेपाल, खड़ा हरा भरा पहाड़, गंडक नदी का तट, भारत नेपाल को जोड़ने वाला गंडक बराज अपनी सुंदरता के कारण पर्यटकों को अपनी ओर खींचकर लाता है।व्याघ्र परियोजना में मौजूद विभिन्न प्रकार के शाकाहारी और मांसाहारी जानवरों को नजदीक से देखने की चाह लेकर पर्यटक वाल्मीकि नगर में बहुतादाद संख्या में पहुंच रहे हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा इसे विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहें है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बगहा दीपक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव , वन प्रमंडल पदाधिकारी डॉक्टर नीरज नारायण, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कैलाश प्रसाद वाल्मीकि नगर रेंजर महेश प्रसाद के अलावा विमलेदु भूषण कुमार ,प्रभात कुमार, अजय शंकर राय, अमिताभ चौहान, राजीव रंजन राय, पारसनाथ तिवारी ,कौलेश्वर शर्मा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष पारस महतो ,प्रमोद सोखइत, योगेंद्र सिंह एमएलसी प्रतिनिधि सारण स्नातक क्षेत्र के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## NEWS IN BRIEF

### कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

बेतिया।बेतिया-वल्मीकिनगर मुख्य मार्ग स्थित चौतरवा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा का स्वागत बगहा विधायक राम सिंह की नेतृत्व में फुलमाला पहनाकर रविवार को किया। विधायक सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष से क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बगहा विधान सभा क्षेत्र रायबारी महुअवा, सलहा बरिअरवा पंचायत के झारमहुई गांव स्थित मसान नदी के कटाव से काफी प्रभावित है। सुरक्षात्मक गाईड बांध निर्माण कराने की मांग करते हुए बगहा विधान सभा क्षेत्र को चौमुखी विकास की मांग की। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री कांत हालदार, तपन हालदार , दिनेश राव सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### अध्यक्ष ने की पूर्व मंत्री से मुलाकात

बेतिया। बिहार विधान सभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा शनिवार की देर शाम रामनगर पहुंचे। उन्होंने विलासपुर जाकर पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन राय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री का कुशल क्षेम जाना। दोनों के बीच बात चीत हुई।रामनगर पहुंचने पर नगर के मौके पर रामनगर की विधायक भागीरथी देवी, बगहा के विधायक राम सिंह,भाजपा नेता मधुकर राय, प्रमोद साह, सौरभ पाण्डेय, जनक साह, सुरेश गुप्ता, दीपू राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव, बगहा एसडीएम दीपक मिश्रा, रामनगर बीडीओ चंद्रगुप्त कुमार बैठा, थानाध्यक्ष अनंत राम समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। श्री सिन्हा ने बताया कि वह भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन राय से मिलने यहां पहुंचे है।

# नाव पलटने से कई लोग लापता, तीन की मौत

बीएनएम@सारण

सारण। सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम गंडक नदी में नाव डूबने से कई व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं। यह घटना उस समय हुई जब मकेर थाना क्षेत्र में नाव से कुछ लोग तरबूज तोड़ने जा रहे थे और बीच नदी में जाने के बाद यह नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। अभी तक नाव में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है और सभी की तलाश जारी है। अभी तक तीन व्यक्ति के शव मिल पाए हैं। घटना मकेर थाना क्षेत्र के लगुनिया गंडक घाट के पास हुई है। स्थानीय लोगों ने तीन व्यक्तियों के मरने की पुष्टि की है। नाव हादसे में मरने वालों में तरैया थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी 40 वर्षीय विजय राय और उनका 12 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार एवं मरहौरा थाना क्षेत्र के आवारी गांव निवासी 15 वर्षीय संजय कुमार शामिल हैं।

# अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह भवन में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया।इस अवसर पर सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर उन लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिन्होंने विगत वर्षों में कोरोनावायरस संक्रमण ,विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं , विश्व के युद्ध ग्रस्त एवं अशांत क्षेत्रों में अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ शाहनवाज अली ,अमित कुमार लोहिया ,वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू शरण शुक्ल ,सामाजिक कार्यकर्ता नवीदू चतुर्वेदी, पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन एवं अल बयान के संपादक डॉ सलाम ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में दुनिया भर में मनाया जाता है। महात्मा गांधी एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्माता ने परिवारिक एकता एवं आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए कहा था कि पूरा विश्व एक परिवार के समान है।

# डेंगू से बचाव के लिए जागरुकता है जरूरी- सिविल सर्जन

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि आज के समय में डेंगू एक गंभीर बीमारी के तौर पर उभरा है। हमारे देश व राज्य में हर साल बड़ी संख्या में लोग इस बीमारी की चपेट में आते हैं। यही वजह है कि डेंगू की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। ताकी लोग डेंगू के बारे में जागरूक होकर अपने व अपने परिवार की खुद रक्षा कर सकें। उन्होंने बताया कि एडिस मच्छर के काटने से डेंगू रोग होता है। इससे बचाव के लिए सोते समय रात में मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही घर के आस-पास समय पर मच्छर मारने वाली दवाओं का छिड़काव भी करना चाहिए। डेंगू के मामले मानसून के शूरु होने के बाद से ही सामने आने लगते हैं। दरअसल, डेंगू का लार्वा रुके हुए साफ पानी में ही पनपता है। ऐसी सूरत में लापरवाही बरतने पर डेंगू फैलने की आशंका बढ़ जाती है।डेंगू की बीमारी में मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स तेजी से कम होने लगते हैं। अगर प्लेटलेट्स बेहद कम हो जाए तो इससे मरीज की गम्भीर स्थिति भी हो सकती है।




# एशिया युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे मुन्ना



बीएनएम@मोतीहारी

मोतीहारी। जिले के पकड़ीदयाल थाना के सिरहा गांव के निवासी मुन्ना कुमार का चयन काठमांडू में आयोजित हो रही है चार दिवसीय “एशिया युवा सम्मेलन” में एक बार पुन: अन्तर्राष्ट्रीय वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। मुन्ना कुमार कई बार अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का प्रतिनिधित्व कर युवाओं को संबोधित किया है और जिले का नाम रौशन किया है। नेपाल-बांग्लादेश यूथ कान्क्लैव द्वारा आयोजित यह सम्मेलन चार दिवसीय है जो 15 मई से लेकर 18 मई तक नेपाल पर्यटन बोर्ड हॉल, भृकुटीमंडप, काठमांडू में आयोजित होगा। सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधि भाषणों, पैनल चर्चा, नेटवर्किंग और कार्यशालाओं में भाग लेंगे। प्रतिनिधियों को अपने विचार प्रस्तुत करने, तीन देशों के युवा नेताओं के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन में एशिया के तीन देश नेपाल,बांगलादेश और भारत के युवा प्रतिनिधि भाग ले रहे है और ग्लोबल शांति और समृद्धि हेतु अपनी चर्चा-परिचर्चा करेंगे। यह सम्मेलन लगातार 5 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है और एशिया के युवाओं को एक मंच पर लाकर एक-दूसरे के सहयोग हेतु कदम बढ़ाया जा रहा है। भारत से मुन्ना कुमार को उनके लगातार युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने के कारण युवाओं को संबोधित करने हेतु आमंत्रित किया गया। मुन्ना कुमार सम्मेलन में उपस्थित युवाओं को मोटवैशन के साथ ख्वाब फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराकर युवाओं को जोड़ने का कार्य करेंगे। श्री कुमार ने अबतक सैकड़ों मोटवैशनल कार्यशाला के माध्यम से लाखों छात्रों को प्रेरित कर चुके है।समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों सम्मान मिल चुका है और युवाओं के प्रेरणा हेतु एक मोटवैशनल पुस्तक “कष्टमेव जयते” लिख चुके है। 11 वर्षों से मोतीहारी शहर के एलएनडी कॉलेज के बीसीए विभाग में बच्चों को पढ़ा रहे है। मुन्ना कुमार के साथ ख्वाब फाउंडेशन की श्वेता कुमारी जिला सचिव, गर्ल्स विंग भी शामिल हो रही है। श्वेता कुमारी एमएस कॉलेज मोतिहारी की बीकॉम की प्रथम वर्ष की छात्रा है और ख्वाब फाउंडेशन के गर्ल्स विंग में सक्रिय योगदान दे रही है। मुन्ना [illegible]ारी के [illegible] के [illegible]

# यूपी की कानून व्यवस्था बेहतर, बढ़ी सुरक्षा भावना ने तैयार किया निवेश का माहौल : योगी



बीएनएम@गोरखपुर

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गीडा के सेक्टर सात में आयोजित एक कार्यक्रम में 144 करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाओं एवं एक हजार करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले 11 उद्यमियों को भूखंड आवंटन का प्रमाण पत्र दिया।परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद उन्होंने गारमेंट क्लस्टर के पांच तथा 45.5 एकड़ भूमि पर एक हजार पांच करोड़ का निवेश करने जा रहे छह उद्यमियों को भूखंड आवंटन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा को लेकर उद्यमियों का विश्वास बढ़ा है। इसका ही परिणाम है कि प्रदेश में निवेश का माहौल बना है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में भी बड़े पैमाने पर निवेश होने जा रहा है। यहां होने जा रहे निवेश से ढाई हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा। प्रदेश के हर प्रतिभाशाली युवा को हम रोजगार दिलाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प किया है। देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य होने के कारण उत्तर प्रदेश का इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अगले पांच साल में प्रदेश को एक लाख ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। निवेश के लिए सुरक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था की जरुरत होती है और हम गर्व से कह सकते हैं कि देश में सबसे बेहतर कानून व्यवस्था यूपी की है। हाल ही में सभी त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए हैं। धार्मिक स्थलों से या तो लाउडस्पीकर हट गए या आवाज धीमी हो गयी। सड़कें चलने के लिए होती हैं इसलिए यहां किसी प्रकार का धार्मिक आयोजन न करने की अपील की गई। इसका असर नजर आया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन जून को लखनऊ में निवेश को लेकर बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 75 हजार करोड़ की निवेश परियोजना की शुरुआत करेंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए गीडा प्रबंधन की तारीफ करते हुए निवेश करने वाले उद्यमियों के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने यहां उद्योग संचालित कर रहे उद्यमियों व गीडा प्रबंधन से खाली भूमि पर वृक्षारोपण करने की अपील की।

## NEWS IN BRIEF

### मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को दी 144 करोड़ की सौगात

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को 144 करोड़ रुपये की लागत की 61 परियोजनाओं की सौगात दी। रविवार को तारामंडल के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में आयोजित शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सुबह लगभग 11:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने विकास योजनाओं को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

### परियोजनाओं में सड़क, संपर्क मार्ग, बाढ़ सुरक्षा, शिक्षा आदि शामिल

परियोजनाओं में सड़क, संपर्क मार्ग, बाढ़ सुरक्षा, शिक्षा आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पांच टीबी रोगियों के स्वजन को पोषण किट, भूसा दान करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री ने 33.16 करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उनके हाथों 111.33 करोड़ रुपये की लागत वाली आवास विकास परिषद, बाढ़ खंड और लोक निर्माण विभाग की 21 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

### 61 परियोजनाओं पर होगा काम

शिलान्यास वाली परियोजनाओं में ज्यादातर बाढ़ बचाव के उपायों से जुड़ी हैं। साथ ही गोला में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (लागत 2 करोड़ 16 लाख 55 हजार रुपये) तथा राजकीय आईटीआई चरगांवा में ऑडिटोरियम (लागत 4 करोड़ 52 लाख रुपये) के निर्माण कार्य शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश के 13 शहरों में बनाये जायेंगे नेचुरल पिकनिक स्पॉट

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। शहरों की हरियाली बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक अभिनय पहल की है। इस पहल के तहत सरकार अगले छह महीने में 13 शहरों में 26 जगहों पर "सिटी फारेस्ट" विकसित कर हरियाली बढ़ाएगी। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि योगी सरकार ने इसके लिए गोरखपुर, वाराणसी के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, झांसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, हरदोई, हाथरस, इटावा, हरदोई, रायबरेली, मुरादाबाद और अमरोहा को चुना है। इन वनों के विकसित होने पर पर्यटकों को नेचुरल पिकनिक स्पॉट का एक विकल्प मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार इको टूरिज्म के दायरे का भी विस्तार होगा। हर नगर वन के लिए केंद्र की ओर से निधारित 2 करोड़ की धनराशि में से 1.40 करोड़ रुपये की धनराशि राज्य सरकार को जारी कर दी गई है।

## 49 बंदी जम्मू-कश्मीर से वाराणसी केन्द्रीय कारागार में लाये गये

बीएनएम@वाराणसी

वाराणसी। जम्मू कश्मीर से रविवार को वायुसेना की विशेष विमान में आतंकी और अलगाववाद के कुल 49 बंदी वाराणसी लाये गये। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच आतंकियों को वाहन से शिवपुर स्थित केन्द्रीय कारागार में दाखिल कराया गया। इस दौरान सीओ पिंडरा अभिषेक पांडेय, सीओ बड़ागांव जगदीश कालीरमन के साथ भारी संख्या में पुलिस भी मौजूद रही। आतंकवादियों और अलगाववाद के आरोपितों को लाये जाने की सूचना पूरी तरह गोपनीय रखी गई थी। सभी बंदियों को बाबतपुर एयरपोर्ट के एप्रन एरिया से ही वाहनों में बैठा दिया गया। दोपहर में सभी आंतकियों को शिवपुर केन्द्रीय कारागार में गिन-गिन कर दाखिल कराया गया। कारागार के जेलर के अनुसार सभी 49 बंदियों को दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी की गई। फिर मिलान कर उन्हें अलग-अलग बैरक में रखा गया। बताते चलें आंतकियों के जेल में दाखिल कराने के बाद बाहर और परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आंतकियों के बैरक के बाहर जेल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही सीसीटीवी से भी आतंकियों की गतिविधियों की निगरानी होगी। इसके पहले 2019 में भी जम्मू-कश्मीर के 30 बंदियों को केन्द्रीय कारागार में लाया गया था। इनमें से ज्यादातर बारामुला और श्रीनगर की जेलों में बंद थे। उन्हें यहां लाया गया था।

## नहाने के दौरान गंगा में कई किशोर डूबे, चार लापता

बीएनएम@लखनऊ/भदोही

लखनऊ/भदोही। उत्तर प्रदेश के जनपद भदोही के बिहरोजपुर गंगा घाट पर रविवार की सुबह स्नान के दौरान के सात से आठ किशोर डूब गये। इनमें से कुछ तो सुरक्षित निकल आये, लेकिन चार बच्चे डूब गये। उनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ और पीएसी को मदद के लिए बुलाया है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, गोपीगंज थाना क्षेत्र स्थित बिहरोजपुर गंगाघाट पर कुछ किशोर नहाने के लिए गये थे। नहाने के दौरान वह सभी गहरे पानी में चले गये और डूबने लगे। इस दौरान कुछ किशोर तो तैरकर अपनी जान बचा ली, लेकिन चार किशारे गहरे पानी में समा गये। घटना को देखकर भारी संख्या में लोगों की घाट पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से डूबे लोगों की तलाश में जुट गये। एसपी ने बताया कि डूबे किशोरों की तलाश के लिए एसडीआरएफ और पीएसी बल को मदद के लिए बुलाया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस गोताखोरों की मदद से डूबे लोगों की तलाश कर रही थी।



## मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



बीएनएम@गाजियाबाद

### मसूरी में दिनदहाड़े दिया था 22 लाख की लूट को अंजाम

गाजियाबाद। पुलिस अधीक्षक देहात की टीम और लोनी बार्डर थाना पुलिस की सयुंक्त टीम ने रविवार को मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश गिरफ्तार किया है। इसी बीच दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से बदमाश घायल हुआ है तो एक आरक्षी भी जख्मी है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश के कब्जे से एक तमंचा तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक देहात राजा ने बताया कि रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि बन्थला बंद फाटक की तरफ जाने वाले रोड पर कुछ बदमाश आने वाले हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर चेकिंग शुरु कर दी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां से गुजरे, जिनको पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस के रोकने पर युवक रुके नहीं और बाइक की रफ्तार को भी तेज कर दिया। पकड़ने के लिए पुलिस ने युवकों का पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में युवक घायल हुआ, जिसे पकड़ लिया। इस दौरान दूसरा बदमाश संजय उर्फ काला पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस आरक्षी को भी गोली लगी। एसपी ग्रामीण ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रंजीत उर्फ नंदू ने 28 मार्च को अरिहंत पेट्रोल पंप पर कर्मियों से हुई 22 लाख की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। इसमें उसके दो साथी मुकेश और सुंदर भी थे। कैश लाने व ले जाने की सूचना उसे अरिहंत पेट्रोल पंप पर काम कर रहे कर्मचारी आसिफ ने दी थी। ये तीनों पूर्व में जेल जा चुके हैं। अभियुक्त के खिलाफ दिल्ली, गाजियाबाद व अन्य जनपदों में करीब 12 से अधिक लूट,चोरी व हत्या का प्रयास आदि के मुकदमें दर्ज है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

BORDER NEWS MIRROR



# Editorial

## भगवान बुद्ध का चिंतन आज भी प्रासंगिक

भगवान बुद्ध भारत की सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर हैं। उनका समग्र जीवन दर्शन मानवीय कल्याण के हितार्थ ज्ञान की खोज के लिए मात्र 29 वर्ष की आयु में परम वैभव के साम्राज्य और सांसारिक सुखों के आकर्षण के परित्याग की पराकाष्ठा है। उनका जन्म 583 ईसा पूर्व नेपाल की तराई में लुंबिनी में हुआ था। इनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था। जिसका अर्थ है अभिलाषा का पूर्ण हो जाना क्योंकि उनके जन्म से सभी की अभिलाषाएं पूर्ण हुई इसलिए उनका नाम सिद्धार्थ रखा गया। पिता शाक्य गणराज्य के राजा शुद्धोधन और माता महामाया थीं। इनके जन्म को हिमालय के तपस्वी ऋषि असिता ने अलौकिक असाधारण बताते हुए स्वयं जीवात्मा के दर्शन करते हुए कहा कि यह बालक समस्त मानव जाति के लिए सिद्धार्थ है। यह या तो चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या लोक कल्याण के लिए धर्म चक्र प्रवर्तित करेगा जो इससे पहले संसार में कभी नहीं हुआ है। पिता चाहते थे कि सिद्धार्थ वैराग्य धारण नहीं करें सम्राट बनें। इसलिए संसार की समस्त सुख सुविधाएं सिद्धार्थ को उपलब्ध कराई। रूपवती राजकुमारी यशोधरा से विवाह किया बाद में एक पुत्र राहुल की प्राप्ति हुई किंतु वे सांसारिक मोह में बंध न सके। एक दिन मार्ग में उन्होंने अति कृशकाय रोगी, वृद्ध पुरुष तथा एक मृतक को देखा तो सारथी छंदक ने बताया कि एक न एक दिन सभी की यही दशा होनी है। एक साधु को भी देखा। यद्यपि त्रिपिटिक आदि ग्रंथों में इन घटनाओं का कोई उल्लेख नहीं है। संसार क्षणिक और दुखद है ये जान वे सबकुछ त्याग कर ज्ञान की खोज में निकल पड़े। 6 वर्षों तक घोर तपस्या की किंतु ज्ञान की पिपासा शांत नहीं हुई। जनश्रुति है कि स्त्रियों के एक गीत को उन्होंने सुना "वीणा के तारों को ढीला मत छोड़ो, ढीला छोड़ देने से उनसे सुरीला स्वर ना निकलेगा। तारों को इतना कसो भी मत जिससे वे टूट जाएं।" उन्होंने गीत के मर्म को समझा कि किसी भी बात की अति ठीक नहीं। उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाया।

## कुटुम्बप्रबोधन: भारतीयता का मूल हैं हमारे परिवार

**प्रो.संजय द्विवेदी**




भारत में ऐसा क्या है जो उसे खास बनाता है? वह कौन-सी बात है जिसने सदियों से उसे दुनिया की नजरों में आदर का पात्र बनाया और मूल्यों को सहेजकर रखने के लिए उसे सराहा। निश्चय ही हमारी परिवार व्यवस्था वह मूल तत्व है, जिसने भारत को भारत बनाया। हमारे सारे नायक परिवार की इसी शक्ति को पहचानते हैं। रिश्तों में हमारे प्राण बसते हैं, उनसे ही हम पूर्ण होते हैं। आज कोरोना की महामारी ने जब हमारे सामने गहरे संकट खड़े किए हैं तो हमें सामाजिक और मनोवैज्ञानिक संबल हमारे परिवार ही दे रहे हैं। व्यक्ति कितना भी बड़ा हो जाए उसका गांव, घर, गली, मोहल्ला, रिश्ते-नाते और दोस्त उसकी स्मृतियां का स्थायी संसार बनाते हैं। कहा जाता है जिस समाज स्मृति जितनी सघन होती है, जितनी लंबी होती है, वह उतना ही श्रेष्ठ समाज होता है। परिवार नाम की संस्था दुनिया के हर समाज में मौजूद है। किंतु परिवार जब मूल्यों की स्थापना, बीजारोपण का केंद्र बनता है, तो वह संस्कारशाला हो जाता है। खास हो जाता है। अपने मूल्यों, परंपराओं को निभाकर समूचे समाज को साझेदार मानकर ही भारतीय परिवारों ने अपनी विरासत बनाई है। पारिवारिक मूल्यों को आदर देकर ही श्रीराम इस देश के सबसे लाडले पुत्र बन जाते हैं। उन्हें यह आदर शायद इसलिए मिल पाया, क्योंकि उन्होंने हर रिश्ते को मान दिया, धैर्य से संबंध निभाए। वे रावण की तरह प्रकांड विद्वान और विविध कलाओं के ज्ञाता होने का दावा नहीं करते, किंतु मूल्य आधारित जीवन के नाते वे सबके पूज्य बन जाते हैं, एक परंपरा बनाते हैं। अगर हम अपनी परिवार परंपरा को निभा पाते तो आज के भारत में वृद्धाश्रम न बन रहे होते। पहले बच्चे अनाथ होते थे, आज के दौर में माता-पिता भी अनाथ होने लगे हैं। यह बिखरती भारतीयता है, बिखरता मूल्यबोध है। जिसने हमारी आंखों से प्रेम, संवेदना, रिश्तों की महक कम कर भौतिकतावादी मूल्यों को आगे किया है। न बढ़ाएं फासले, रहिए कनेक्ट आज के भारत की चुनौतियां बहुत अलग हैं। अब भारत के संयुक्त परिवार आर्थिक, सामाजिक कारणों से एकल परिवारों में बदल रहे हैं। एकल परिवार अपने आप में कई संकट लेकर आते हैं। जैसा कि हम देख रहे हैं कि इन दिनों कई दंपती कोरोना से ग्रस्त हैं, तो उनके बच्चे एकांत भोगने के साथ गहरी असुरक्षा के शिकार हैं। इनमें माता या पिता या दोनों की मृत्यु होने पर अलग तरह के सामाजिक संकट खड़े हो रहे हैं। संयुक्त परिवार हमें इस तरह के संकटों से सुरक्षा देता था और ऐसे संकटों को आसानी से झेल जाता था। बावजूद इसके समय के चक्र को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। ऐसे में यह जरुरी है कि हम अपने परिजनों से निरंतर संपर्क में रहें। उनसे आभासी माध्यमों, फोन आदि से संवाद करते रहें, क्योंकि सही मायने में परिवार ही हमारा सुरक्षा कवच है। आमतौर सोशल मीडिया के आने के बाद हम और 'अनसोशल' हो गए हैं। संवाद के बजाए कुछ ट्वीट करके ही बधाई दे देते हैं। होना यह चाहिए कि हम फोन उठाएं और कानोंकान बात करें। उससे जो खुशी और स्पंदन होगा, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिजन और मित्र इससे बहुत प्रसन्न अनुभव करेंगे और सारा दिन आपको भी सकारात्मकता का अनुभव होगा।

**(लेखक भारतीय जनसंचार संस्थान, नयी दिल्ली के महानिदेशक हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## मोदी सरकार में भ्रष्ट बाबुओं की खैर नहीं



**आर.के. सिन्हा**

किसी भी सरकार का जनमानस में सम्मान तब ही होता है, जब उसके कर्मचारी पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं। देखिए सरकार को चलाने वाले नेता तो एक विजन के साथ सत्ता पर काबिज होते हैं। फिर उनके विजन को सरकारी बाबू अमली जमा पहनाकर जमीन पर उतारते हैं। मतलब वे ही वस्तुतः समस्त सरकारी योजनाओं-परियोजनाओं को जमीं पर लागू करते हैं। लेकिन अगर वे ही काहिली और करप्शन के जाल में फंस जाएं तो फिर सरकार और देश का क्या होगा, यह भलीभांति सोचा जा सकता है। दुर्भाग्यवश हमारे यहां अब भी बड़ी तादाद में सरकारी बाबू कायदे से मन लगाकर काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। यही नहीं, वे तो करप्शन करने से तनिक भी बाज नहीं आ रहे। वे चंद सिक्कों में अपना जमीर और देश को बेचने से भी पीछे नहीं हटते। अब कुछ ताजा मामलों को ही देख लीजिए। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में अपने चार अफसरों को डिसमिस करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इन पर चंडीगढ़ के एक बिजनेसमैन से एक करोड़ रुपए की उगाही के आरोप सिद्ध होने के बाद यह एक्शन लिया गया। सरकार की जीरो टोलरेंस पॉलिसी के तहत यह एक्शन हुआ है। अब जरा सोचिए कि सीबीआई का काम बड़े घोटाले और दूसरे आपराधिक मामलों की जांच करने का है। इससे जुड़े मुलाजिमों से यह उम्मीद की जाती है कि वे अपने काम को सही से अंजाम देंगे। लेकिन, यहां पर सही की बात बहुत दूर है, इनके कुछ कर्मी भी करप्शन में बुरी तरह ही लिप्त हैं। वे खुलेआम घूस ले रहे हैं। बहरहाल, ये मानना होगा कि सीबीआई ने अपने इन शातिर अफसरों को डिसमिस करके सबको कड़ा संदेश तो दे ही दिया। सरकार का अब कोई भी महकमा पहले की तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर नहीं चल सकता। पहले तो सरकारी बाबू अपने को सरकार का दामाद समझ कर ही दफ्तर आते थे और अपना रुआब झाड़ कर वापस घर चले जाते थे। कुछ सरकारी बाबुओं ने तो अपने को वक्त के साथ बदल लिया। वे अब सही से काम भी करते हैं। लेकिन, कई अब भी बाज नहीं आ रहे। वे करप्शन के किसी भी मौके को नहीं छोड़ते। उन पर तो चाबुक चलाने की सख्त जरुरत है। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद सरकारी कर्मियों की सैलरी में भी तगड़ा उछाल आया है। अब छोटे से छोटे पदों पर काम करने वाले सरकारी बाबू भी ठीक-ठाक ही पगार उठाते हैं। लेकिन, लालच का कोई इलाज नहीं है। महात्मा गांधी बहुत पहले ही कह गए हैं कि मनुष्य की आवश्यकताओं को तो भरसक पूरा किया जा सकता है, लेकिन लालच को नहीं। रोटी, कपड़ा और मकान आदमी की बुनियादी जरुरतें हैं। फिर भी देख लीजिए, जीवनशैली कैसी होती जा रही है। पृथ्वी से हमें जो कुछ मिलता है, वह हमारी आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। लेकिन, लालच को पूरा नहीं किया जा सकता है। हमलोग पर्यावरण के साथ अन्याय कर रहे हैं। दिन-प्रतिदिन नई-नई टेक्नोलॉजी हमें घेर रही है। लेकिन, इसके प्रतिकूल प्रभावों पर कोई चर्चा तक नहीं होती। आज घरों से गौरैया लुप्त हो गई है। पर्यावरण से छेड़छाड़ के कारण गंगा की अविरलता बाधित हो रही है। यही हाल रहा तो पृथ्वी को बचाना मुश्किल हो जाएगा। अब वक्त आ गया है कि करप्शन में लिप्त सरकारी बाबुओं को किसी भी सूरत में न छोड़ा जाए। जब सीबीआई के कर्मियों पर एक्शन हुआ, लगभग तब ही झारखंड सरकार की खनन सचिव व आईएएस अफसर पूजा सिंघल को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में निलंबित कर दिया है। करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक का कैश पूजा सिंघल के करीबियों के ठिकानों से जब्त किया गया है। पूजा सिंघल को खूंटी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना निधि के गबन और अन्य संदिग्ध वित्तीय लेन देन के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद पूजा सिंघल को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया था। अब जरा सोचिए कि मेरठ के सोफिया स्कूल की छात्रा रही पूजा सिंघल ने 21 साल की उम्र में आईएएस की परीक्षा को क्रैक कर लिया था।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# पायलट और गहलोत में कोल्ड वॉर शुरू!



बीएनएम@उदयपुर

**पायलट बोले, युवाओं को मिलेगा मौका, गहलोत ने विक्ट्री साइन दिखा बता दिया टेंशन फ्री हूं**

उदयपुर। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट और पायलट समर्थक प्रमोद कृष्णम के बयानों के एक घंटे बाद सीएम अशोक गहलोत ने मीडिया सेंटर में आकर विक्ट्री साइन दिखाया। उन्होंने इशारों ही इशारों में साफ कर दिया कि फिलहाल वह टेंशन फ्री हैं। इसे पायलट और गहलोत के बीच कोल्ड वॉर की शुरुआत माना जा रहा है। इसकी शुरुआत कांग्रेस में युवाओं को भूमिका देने और पदों पर बैठे नेताओं के पार्टी के लिए त्याग करने के सुझावों से हुई है। चिंतन शिविर के बीच गहलोत का हावभाव चर्चा का विषय बन रहा। पायलट ने पहले दिन ही चिंतन शिविर के मीडिया सेंटर के बाहर बयान दिया कि युवाओं को बड़ी भूमिका दी जाएगी। पायलट समर्थक प्रमोद कृष्णम ने पायलट के साथ नाइंसाफी होने की बात दोहराते हुए कहा कि हाईकमान अब इंसाफ करेगा। गहलोत अपने समर्थक राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ चिंतन शिविर के मीडिया सेंटर पहुंचे। देश-प्रदेश के सैकड़ों मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में गहलोत ने काफी देर तक विक्ट्री साइन दिखाया। कई बार विक्ट्री साइन बनाते हुए फोटो भी खिंचवाए। इसके बाद गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र पर हमला बोला। गहलोत ने मंच पर जाकर मीडिया सेंटर में भीड़ के नजारे का वीडियो बनाया। गहलोत के हावभाव से साफ दिख रहा था कि वे काफी रिलैक्स फील कर रहे हैं। किसी भी तरह के प्रेशर से वह मुक्त नजर आए। गहलोत ने टेंशन फ्री होने का मैसेज संकेत में दिया। इसके सियासी मायने भी हैं। जानकारों के मुताबिक गहलोत ने चिंतन शिविर के बाद सीएम स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को नकारने का मैसेज दिया है। इसे पायलट समर्थकों को सीधा जवाब माना जा रहा है। गहलोत ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री बदलने की चर्चाओं पर कहा था कि मैं 22 साल पहले जब पहली बार सीएम बना था तब से मेरा इस्तीफा सोनिया गांधी के पास पड़ा है। सोनिया गांधी जब चाहें, तब मेरा इस्तीफा इस्तेमाल कर सकती हैं। मुख्यमंत्री जब बदलेगा तो किसी को कानों कान भनक नहीं लगेगी। सुबह अखबार से ही पता लगेगा कि मुख्यमंत्री बदल गया। इस बयान के बाद चिंतन शिविर शुरु हो गया। चिंतन शिविर में सोनिया गांधी ने नेताओं से कहा कि पार्टी ने बहुत दिया है। अब कर्ज चुकाने का समय है। गहलोत से जब सोनिया गांधी के पार्टी नेताओं से कर्ज चुकाने का समय होने के बयान पर पूछा गया तो वह टाल गए। गहलोत से पूछा गया कि जिन नेताओं को पद मिल गया, अब त्याग कौन करेगा, इसका जवाब नहीं दिया।

## NEWS IN BRIEF

### अब 13 हजार श्रद्धालुओं को रोजाना केदारनाथ धाम जाने की अनुमति

देहरादून। चार धाम यात्रा में व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तराखंड सरकार लगातार सक्रिय है। प्रदेश सरकार की ओर से समय-समय पर यात्रियों के लिए सुझाव जारी किये जा रहे हैं। ताकि उन्हें यात्रा में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसी सिलसिले रविवार को सरकार ने केदारनाथ धाम जाने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या तय कर दी है। चार धाम के कपट खुलने के साथ ही देश-दुनिया से लाखों श्रद्धालु यात्रा पर पहुंच रहे हैं। उम्मीद से बहुत अधिक यात्रियों के आ जाने से कई स्थानों पर अव्यवस्था की खबरें आने लगी हैं। यहां तक की कई श्रद्धालुओं की मौत भी हो गई। इस कारण सरकार ने अब एक दिन में केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 13 हजार तय कर दी है। अब एक दिन में 13 हजार से ज्यादा श्रद्धालु केदारनाथ धाम नहीं जा सकेंगे। वह भी रजिस्ट्रेशन करा कर ही जा सकेंगे। बिना रजिस्ट्रेशन के श्रद्धालु कोई भी धाम नहीं जा सकेंगे। बिना रजिस्ट्रेशन वाले श्रद्धालु को वापस लौटना पड़ सकता है। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों की संख्या 13 हजार तय कर दी गई।

इससे ज्यादा को केदारनाथ जाने की अनुमति नहीं होगी। रुद्रप्रयाग पुलिस रजिस्ट्रेशन जांच करने में सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस दिन एवं रात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं के रजिस्ट्रेशन की सख्ती से जांच कर रही है। बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्रियों को विनम्रता पूर्वक वापस भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार 12 मई से अब तक 1000 यात्रियों को रजिस्ट्रेशन न होने के कारण वापस लौटा दिया गया है।

# बारातियों से भरी कार नदी में गिरी, पांच की मौत, दो घायल

बीएनएम@औरंगाबाद

औरंगाबाद। बिहार झारखंड की सीमा पर अवस्थित कररबर नदी में बारातियों से भरी कार पलट गई।इस घटना में पांच बारातियों की मौत हो गई,जबकि दो घायल हो गए। सभी मृतक 18 से 19 वर्ष के युवक बताए गए हैं। वे झारखंड के छतरपुर के रहने वाले थे। औरंगाबाद के एस डी पी ओ गौतम शरण ओमी ने इस खबर की पुष्टि की है। मृतकों में सुनील कुमार के पुत्र रंजीत कुमार, चंद्रदीप राम के पुत्र अभय कुमार ,उपेंद्र चंद्रवंशी के पुत्र अक्षय कुमार, प्रदीप गुप्ता के पुत्र शुभम कुमार और संजय चंद्रवंशी के पुत्र बबलू कुमार शामिल है। घायलों में गुंजन कुमार और मुकेश कुमार शामिल है। बारात झारखंड प्रदेश के छतरपुर से नवीनगर प्रखंड के तोल पंचायत के बाघी गांव में आई हुई थी। शादी के पश्चात कार सवार सात बाराती वापस घर लौट रहे थे। कार अनियंत्रित होकर कररवार नदी में जा गिरी।

# दिल्ली : प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी में लगी भीषण आग

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राजधानी में आग लगने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। शनिवार देर रात को नरेला औद्योगिक क्षेत्र के एक प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल अधिकारियों का कहना है कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खबर लिखे जाने तक दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। दमकल अधिकारी ने बताया कि रात 9.10 बजे दमकल विभाग को नरेला औद्योगिक क्षेत्र के एच ब्लॉक में आग लगने की जानकारी मिली। आसपास के स्टेशनों से तुरंत दमकल की 12 गाड़ियों को रवाना कर दिया गया। आग फैक्ट्री की दो मंजिल में फैल चुकी थी और फैक्ट्री से आग की लपटें निकल रही थी। दमकल कर्मियों ने सबसे पहले फैक्ट्री की बिजली की सप्लाई को कटवाया और फिर आग को बूझाने में ज़ुट गए, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए 13 और गाड़ियों को बुला लिया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग भूतल से शुरु हुई। प्लास्टिक का सामान होने की वजह से आग तेज़ी से फैली और दो मंजिल को अपने चपेट में ले लिया। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के दौरान फैक्टरी में एक-दो लोग ही मौजूद थे, जो आग लगते ही बाहर निकल गए। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# देश के लिए जनता के बीच जाना होगा - राहुल गांधी



बीएनएम@उदयपुर/नई दिल्ली

उदयपुर/नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि पार्टी नेताओं को अब आंतरिक नहीं बाह्य मामलों पर ध्यान देना होगा और जनता के बीच जाकर लोगों से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने फैसला लिया है कि अक्टूबर में पार्टी जनता के बीच जाएगी उनसे जुड़ेगी। इसके लिए सभी को अपना पसीना बहाना होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर के अंतिम दिन अपने संबोधन में एक तरफ मोदी सरकार, उसकी आर्थिक नीतियों के साथ देश के संस्थानों और मीडिया के हाल पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं को आंतरिक गतिरोध से ऊपर उठने का संदेश दिया। इसके अलावा पार्टी की रचना में युवा चेहरों को आगे लाने की बात कही। उन्होंने पार्टी को फिर से ऊर्जा देने के लिए चिंतन शिविर से निकले विचारों को भी अपने भाषण में स्थान दिया। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी लड़ाई देश में नफरत फैलाने वाली भाजपा-आरएसएस की विचारधारा से है। वह इस बात को मानने को तैयार नहीं है कि उनके देश में इतना क्रोध और हिंसा फैल सकती है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल एक राजनीतिक दल से नहीं है बल्कि बहुत से संस्थानों से भी है और क्रोनी कैप्टलिजम से भी है। राहुल ने कहा,"वह इन शक्तियों से डरते नहीं है और इनसे बिना डरे लड़ेंगे। मैंने भारत माता से एक पैसा नहीं लिया है। इस लड़ाई में वह पार्टी के नेताओं के साथ खड़े हैं। मैं अपने नेताओं संग भाजपा-आरएसएस की विचारधारा से जीतकर रहूंगा।" इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि देश में भाजपा का एकमात्र विकल्प कांग्रेस पार्टी है। क्षेत्रीय पार्टियों का अपना-अपना एजेंडा और वोट बैंक है लेकिन कांग्रेस विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा की विचारधारा की लड़ाई का मुकाबला केवल कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संस्थानों में अपने लोगों बिठा रही है और उससे आने वाले समय देश में आग लगने वाली है। यह पार्टी की जिम्मेदारी है कि लोगों को समझाएं कि लोगों को बांटा जा रहा है।

# माओवादियों ने मचाया उत्पात, आठ वाहनों को जलाया

बीएनएम@लातेहार/ झारखंड

लातेहार। लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसकरचा पुलिस पिकेट के पास बने सड़क निर्माण कंपनी के साइडिंग में शनिवार की रात माओवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान माओवादियों ने साइडिंग के मुंशी की पिटाई करते हुए उसका मोबाइल लूट लिया। वहीं साइडिंग में खड़े आठ वाहनों को जलाकर राख कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार महुआडांड़ थाना क्षेत्र में बांसकरचा मोड़ से कुड़ो मोड़ तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। माओवादियों की ओरे से सड़क निर्माण कार्य में लेवी को लेकर पूर्व में भी कई बार धमकी दी जा चुकी थी। इसी बीच शनिवार की देर रात लगभग 40 की संख्या में हथियारबंद माओवादी साइडिंग के पास पहुंचे और वहां खड़े जेसीबी मशीन ,पोकलेन, टैंकर, ट्रक समेत आठ वाहनों में आग लगा दी। घटना के बाद माओवादियों ने घटना की जिम्मेदारी ली।



# पाकिस्तान में खाद्य तेल की कीमत सातवें आसमान पर



बीएनएम@इस्लामाबाद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कमरतोड़ महंगाई और अर्थव्यवस्था में गिरावट के बीच खाद्य तेलों की कीमत में दोगुना इजाफा हो गया। इस वर्ष अप्रैल तक पाकिस्तान का तेल और खाद्य आयात बिल 58.98 फीसद बढ़कर लगभग 2400 करोड़ डालर पहुंचने से तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल लगभग 4400 करोड़ डालर के आयात बिल की तुलना में अक्टूबर 2022 को समाप्त दस महीनों में देश का कुल आयात बिल 46.51 फीसद बढ़कर 6500 करोड़ डालर हो गया है। खाद्य आयात बिल में भारी इजाफे के परिणामस्वरुप वनस्पति घी और खाना पकाने के तेल की घरेलू कीमत में दोगुनी तेजी देखी गई है। विशेष रुप से सोयाबीन तेल के आयात मूल्य में 101.96 फीसदी की वृद्धि हुई है। गेहूं का आयात पिछले वर्ष के 3.61 मिलियन टन से 19.12 फीसद घटकर 2.206 मिलियन टन रह गया है। पाकिस्तान में अप्रैल में एक दाना गेहूं आयात नहीं हुआ है। साथ ही चाय, मसालों और दालों के आयात बिल में भी तेजी से उछाल आया है। खाद्य संकट पर जारी वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध प्रांत में भोजन की काफी कमी हो गई है। खाद्य और ईंधन की कीमत में वृद्धि, सूखे की स्थिति, पशुओं की बीमारियों और बेरोजगारी की समस्या ने महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पुनरुद्धार कार्यक्रम में देरी के चलते विदेशी मुद्रा भंडार और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे देश की अर्थव्यवस्था और भी चरमरा गई। आयात बिल में तेज वृद्धि के परिणामस्वरुप पाकिस्तान में व्यापार घाटा बढ़ गया है। इससे सरकार पर बाहरी देनदारी का दबाव भी बढ़ा है। इसके अलावा, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि पेट्रोलियम उत्पादों के आयात मूल्य में 121.15 फीसद की वृद्धि हुई है। दूसरी ओर कच्चे तेल के आयात मूल्य में 75.34 फीसद की वृद्धि देखी गई है। पाकिस्तान में आयात बिल आने वाले महीनों में और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि सरकार ने लगभग 40 लाख टन गेहूं और 6 लाख टन चीनी आयात करने का फैसला किया है। इस बीच मूल्य और मात्रा दोनों के मामले में खाद्य तेल के आयात में भी लगातार वृद्धि हुई। ताड़ के तेल आयात बिल का मूल्य भी अक्टूबर 2022 को समाप्त दस महीनों में 44.64 फीसद बढ़कर 300 करोड़ डालर हो गया है।

## NEWS IN BRIEF

### यूक्रेनी मेजर जनरल का दावा : रूस में पुतिन के तख्तापलट की हो रही तैयारी

कीव। यूक्रेन से संघर्ष के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए हालात विपरीत होते दिख रहे हैं। पुतिन के ब्लड कैंसर होने व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ यूक्रेनी मेजर जनरल के इस दावे ने मामले को अधिक गंभीर कर दिया है, जिसमें दावा किया गया है कि रुस में पुतिन के तख्तापलट की तैयारी शुरु हो गई है। यूक्रेन के आर्मी इंटेलिजेंस के जनरल ने दावा किया है कि रुस में व्लादिमीर पुतिन के तख्तापलट की तैयारी चल रही है। यूक्रेन के प्रमुख मेजर जनरल कायरलो बुडानोवन ने दावा किया है कि अगस्त तक रुस-यूक्रेन युद्ध में निर्णायक मोड़ आएगा और नवंबर तक रुसी सेना यूक्रेन से पराजित होकर लौटेगी। स्काई न्यूज से बात करते हुए कायरलो बुडानोव ने कहा कि यूक्रेन में रुस की सेना के हारते ही पुतिन को राष्ट्रपति पद से हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक रुसी संघ में नेतृत्व परिवर्तन होना तय है। ये पूछे जाने पर कि क्या रुस में तख्तापलट की कार्रवाई शुरु हो चुकी है, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि रुस में पुतिन को हटाने की रणनीति पर काम शुरु हो चुका है।

यह योजना काफी आगे बढ़ चुकी है और अब इसे रोकना संभव नहीं है। यूक्रेनी जनरल ने ये भी दावा किया कि पुतिन शारीरिक और मनोवैज्ञानिक तौर पर बहुत कमजोर हो चुके हैं, उन्हें कैंसर है। रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जनरल कायरलो ने कहा कि अगस्त में इस युद्ध का ब्रेकइवन प्वाइंट आएगा और दिसंबर आते-आते युद्ध खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि युद्ध का परिणाम रुसी संघ में नेतृत्व परिवर्तन के तौर पर होगा। कायरलो ने कहा कि यूक्रेन में मास्को का ऑपरेशन अपने टार्गेट से काफी दूर जा चुका है और अब ये राष्ट्रपति पुतिन के हाथ से भी बाहर है।

# न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न कोरोना पॉजिटिव

बीएनएम@वेलिंगटन

वेलिंगटन । न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने शनिवार को स्वीकार किया है कि वह कोविड-19 से संक्रमित हैं। प्रधानमंत्री अर्डर्न ने सुबह सोशल मीडिया पर पोस्ट किया- 'पूरे प्रयासों के बावजूद दुर्भाग्य से मैं अपने परिवार के बाकी सदस्यों के साथ कोरोना संक्रमित हूं।' वह पिछले रविवार से अपने परिवार के साथ घर पर ही आइसोलेट हैं। रविवार को उनके पति क्लार्क गेफोर्ड पॉजिटिव पाए गए थे। इसके बाद बुधवार को अर्डर्न की बेटी नेव संक्रमित हो गई थीं। इस बीच न्यूजीलैंड में 7441 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 2503 मरीज देश के सबसे बड़े शहर आकलैंड में हैं। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि न्यूजीलैंड में महामारी शुरु होने के बाद से अब तक 1,026,715 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं।

# मारियुपोल के कारखाने में फंसे 600 घायल यूक्रेनी सैनिकों की हालत बिगड़ी

बीएनएम@कीव

कीव। रुस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध 11 सप्ताह से अधिक पुराना हो गया है। दोनों ओर से कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। रुस लगातार यूक्रेन पर दबाव बना रहा है। अब मारियुपोल के एक कारखाने में फंसे 600 घायल यूक्रेनी सैनिकों की हालत बिगड़ने के बावजूद रुसी सेना उन्हें घेरे हुए है और बाहर भी नहीं निकलने दे रही है। यूक्रेन पर रुसी हमला लगातार गंभीर रुप ले रहा है। मारियुपोल में रुसी सेनाओं का हमला आम जनमानस के लिए तो मुसीबत बना ही है, यूक्रेनी सैनिक व यूक्रेन की मदद करने पहुंचे विदेशी लड़ाके के लिए मुसीबत बन गया है। मारियुपोल के अजोवस्टाल इस्पात कारखाने को रुसी सैनिकों ने चारों ओर से घेर रखा है। कारखाने के भीतर घायल अवस्था में 600 यूक्रेनी सैनिकों के साथ विदेशी लड़ाके फंसे हुए हैं। उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के अनुसार इस मसले पर रुस और यूक्रेन के बीच वार्ता चल रही है। वार्ता में यूक्रेन ने अपने सैनिकों के बदले में रुसी युद्धबंदियों को रिहा करने का प्रस्ताव रखा है। अजोवस्टाल इस्पात कारखाने के भीतर से लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों के डिप्टी कमांडर स्वीआतोस्लाव पाल्मर ने कहा है कि गोला-बारुद, खाद्य पदार्थों, पानी और दवाओं की कमी के बावजूद रुसी सेना से उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

# राष्ट्रपति खलीफा बिन जायद अल नाहयान अबू धाबी में सुपुर्द-ए-खाक

बीएनएम@दोहा

दोहा। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति खलीफा बिन जायद अल नाहयान को अबू धाबी के अल बातेन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस मौके पर सत्तारुढ़ अल नाहयान के सभी गमगीन सदस्य मौजूद रहे। संयुक्त अरब अमीरात ने शुक्रवार को देश के राष्ट्रपति की मृत्यु की घोषणा की थी। जायद अल नाहयान 2014 से गंभीर रुप से बीमार थे। जायद अल नाहयान को मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार शुक्रवार को दफनाया गया। जायद अल नाहयान को विशेष स्मारक प्रार्थना अल-जनाजा के सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सूर्यास्त के बाद देश की सभी मस्जिदों और प्रार्थना घरों में अल-जनाजा पढ़ा गया। कब्रिस्तान पर आयोजित प्रार्थना सभा में सत्तारुढ़ अल नाहयान के सदस्यों जायद अल नाहयान के सौतेले भाई, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# न्यूयॉर्क के बफेलो में अंधाधुंध गोलीबारी



बीएनएम@न्यूयार्क

न्यूयार्क। अमेरिका में न्यूयॉर्क के बफेलो शहर के सुपर मार्केट में एक व्यक्ति ने अंधाधुंध गोलीबारी कर 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस गोलीबारी में तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। यह सभी अश्वेत हैं। पुलिस के अनुसार बॉडी आर्मर पहने एक व्यक्ति ने दोपहर 2:30 बजे सुपर मार्केट में वारदात को अंजाम दिया। वह इसका लाइव-स्ट्रीम कर रहा था। बंदूकधारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने सभी 10 लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इसको घरेलू आतंकवाद करार दिया है। पुलिस अधिकारियों ने भी इस वारदात को नस्लवाद प्रेरित हिंसक घटना बताया है। एफबीआई एजेंट स्टीफन बेलोंगिया इसकी जांच कर रहे हैं। स्टीफन के मुताबिक ने हमले की जांच हेट क्राइम और नस्लवाद प्रेरित हिंसक घटना के तौर पर की जाएगी। बफेलो के मेयर ब्रायन ब्राउन ने कहा है कि यह हमला हमारे समुदाय के लिए कष्टकारी है। न्यूयार्क डेमोक्रेट और हाउस ज्युडिशियरी कमेटी के अध्यक्ष अमेरिकी प्रतिनिधि जेरी नाडलर ने कहा कि यह हमला एक हिंसक श्वेत वर्चस्ववादी का काम प्रतीत होता है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, हमें बिना देर किए घरेलू आतंकवाद निरोधक कानून पारित करना चाहिए। व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया कि हम उन सभी नागरिकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं जिनकी जान इस गोलीबारी में गई है या जो लोग घायल हुए हैं। बयान में उन लोगों का भी ज़िक्र किया गया है जिन्होंने साहस का परिचय दिया। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि किसी भी तरह का घरेलू आतंकवाद चाहे वो राष्ट्रवाद के नाम पर किया गया हो या फिर किसी दूसरे नाम पर, वो गलत है। इसके खिलाफ हर किसी को खड़ा होने की जरुरत है।

# ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स की कार दुर्घटना में मौत, क्रिकेट जगत में शोक



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज एंड्रयू साइमंड्स की क्वींसलैंड में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। साइमंड्स 46 वर्ष के थे। साइमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 26 टेस्ट मैच खेले और दो शतक लगाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 198 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और दो विश्व कप जीते। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि वे टाउन्सविले, जहां साइमंड्स रहते थे, से लगभग 50 किलोमीटर दूर, हर्वे रेंज में एक घातक सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। बयान में कहा गया है, "शुरुआती जानकारी से संकेत मिलता है कि रात 11 बजे के बाद एलिस रिवर ब्रिज के पास हर्वे रेंज रोड पर साइमंड्स की कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। आपातकालीन सेवा के चिकित्सकों ने साइमंड्स को बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन अत्यधिक चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।" न्यूज कॉर्प की एक रिपोर्ट के अनुसार, साइमंड्स के परिवार ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया, और लोगों की सहानुभूति और शुभकामनाओं की सराहना की, और कहा कि उनकी निजता का सम्मान किया जाए। साइमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 198 एकदिवसीय मैच खेले और 2003 और 2007 में एक भी मैच गंवाए बिना लगातार विश्व कप जीतने वाली टीम के प्रमुख सदस्य थे। यह 2003 का विश्व कप था जिसके लिए उन्हें सबसे ज्यादा याद किया जाएगा, जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ शानदा वाले शतक के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम रखा। विस्फोटक दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 26 टेस्ट भी खेले, इंग्लैंड और भारत के खिलाफ शतक बनाए, जबकि वह गेंद के साथ अपने ऑफ-ब्रेक या मध्यम तेज गेंदबाजों के साथ भी एक मूल्यवान विकल्प थे। साइमंड्स ने 26 टेस्ट मैचों में 40.61 की औसत से 1462 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 10 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 162 रन है। इसके अलावा उन्होंने 24 विकेट भी लिए हैं। वहीं, 198 एकदिनी मैचों में 39.75 की औसत से 5088 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 156 है। इस दौरान उन्होंने 6 शतक और 30 अर्धशतक लगाए हैं। एकदिनी में उन्होंने 133 विकेट भी लिए हैं। टी-20 क्रिकेट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 14 मैच खेले हैं और 48.14 की स्ट्राइक रेट से 337 रन बनाए हैं। इस प्रारुप में उन्होंने 2 अर्धशतक लगाए हैं, नाबाद 85 रन उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने टी-20 में 8 विकेट भी लिए हैं।

## NEWS IN BRIEF

### किशनगंज शतरंज में जयब्रोतो एवं मुकेश बने विजेता

किशनगंज। जिला शतरंज संघ की ओर से रविवार को इंडोर स्टेडियम डुमरिया में बालक-बालिका खिलाड़ियों के बीच एक नि:शुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें करीब 3 दर्जन खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके जूनियर विभाग में जयब्रोतो दत्ता, जबकि सीनियर विभाग में मुकेश कुमार विजेता घोषित हुए। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि जूनियर विभाग में जॉयब्रोतो के बाद हिमांश जैन, ग्रंथ जैन, हार्दिक प्रकाश, अनिमेष कुमार, श्रीजॉय पाल, अनाया जैन, पीयूष कुमार एवं अन्य ने जगह बनाई। वहीं सीनियर विभाग में मुकेश के बाद अमन कुमार गुप्ता, दिव्यांशु सिंह, आयुष कुमार, रिया गुप्ता, रुपिका जैन, ऋत्विक मजूमदार, प्रत्यूषी जैन, पलचीन जैन, अनुराग कुमार, भव्य निधि, रचित बिहानी, इष्टि कुमारी, आराध्या सिंह, विवान डे, रमित जैन, देव कुमार, अभिरुप दास, युवराज साहा, आरीब सबेरी एवं अन्य अगले स्थानों पर काबिज हुए।

विजेता खिलाड़ियों को संघ के वरीय उपाध्यक्ष बिमल मित्तल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने सारे प्रतिभागियों से आपस में प्रतिस्पर्धा करने के दौरान खेल भावना को बनाए रखने की अपील की एवं कहा कि अत्यंत जटिल दिमागी खेल शतरंज को ठीक से खेल पाना ही अपने-आप में एक उपलब्धि है जो सभी बड़े-बड़ों के भी पल्ले नहीं पड़ते। मौके पर संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, सहायक सचिव रोहन कुमार, अतिथि के रुप में उपस्थित मनीष जैन, देबजानी डे, रंजीत मजूमदार एवं अन्य उपस्थित थे।

## हॉकी झारखंड की महिला टीम ने हॉकी केरल को हराया

बीएनएम@रांची

रांची। मणिपुर के इंफाल में आयोजित 12वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड महिला हॉकी टीम ने रविवार को अपने पहले मैच में हॉकी केरल को 10-0 गोल से पराजित किया। झारखंड टीम की स्वीटी डूमडूम ने मैच के चौथे मिनट में पहला गोल कर झारखंड टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके बाद झारखंड टीम ने लगातार गोल करते रहे। झारखंड की बालो होरो ने पांच गोल 23, 39, 54, 55 और 59 मिनट में निशा मिंज ने दो गोल 33 और 43 मिनट में, बिनिमा धान ने दो गोल 47 और 51 मिनट में और स्वीटी डुंगडुंग ने एक गोल चौथे मिनट में किया।

## झांसी ने प्रयागराज एवं मुख्यालय ने रेल सुरक्षा विशेष बल को हराया

बीएनएम@प्रयागराज

प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज, प्रयागराज में वॉलीबॉल की अंतर मंडलीय प्रतियोगिता रविवार को आयोजित हुई। पहला मैच प्रयागराज और झांसी मंडल के बीच खेला गया। जिसमें झांसी मंडल ने प्रयागराज मंडल को हराया। दूसरे मैच में मुख्यालय टीम ने रेल सुरक्षा विशेष बल को हराया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ रवींद्र वर्मा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल ने किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल, झांसी मंडल, आगरा मंडल, मुख्यालय तथा रेलवे सुरक्षा विशेष बल की टीमें भाग ले रही हैं। महानिरीक्षक ने प्रतियोगिता के उद्घाटन के दौरान सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने एवं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से रेलवे सुरक्षा बल के बेहतर खिलाड़ियों की एक टीम तैयार की जाएगी जो अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता के दौरान आरएसपी सिंह, मुख्य सुरक्षा आयुक्त उमरे, मनोज कुमार सिंह, आरके सिंह सुरक्षा आयुक्त सह प्रधानाचार्य क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय व मंडलों के सहायक सुरक्षा आयुक्त, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक व स्टॉफ उपस्थित रहे।

## हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की टीम बनी उप विजेता

बीएनएम@रांची

रांची। राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी झारखंड की टीम उप विजेता बनी है। हॉकी झारखंड पुरुष टीम ने सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में लगातार तीसरे वर्ष पदक प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में हॉकी उत्तर प्रदेश चैंपियन हुई है। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार से 15 मई तक गोवा में आयोजित 12वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2022 में हॉकी झारखंड टीम उपविजेता बनी है। आज फाइनल मैच खेले गए जिसमें झारखंड टीम गोल करने में असफल रही और हॉकी उत्तर प्रदेश की टीम ने झारखंड के ऊपर तीन गोलकर प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। झारखंड टीम विगत तीन वर्षों से लगातार पदक जीत रही है। 2020 में कांस्य पदक, 2021 में स्वर्ण पदक और इस बार रजत पदक प्राप्त की। उन्होंने बताया कि सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने काफी ही शानदार प्रदर्शन किया है।



## आईपीएल:कोलकाता ने हैदराबाद को हराया



बीएनएम@पुणे

पुणे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के 61वें मुकाबले में शनिवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 54 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ जहां क्वालीफयर्स में कोलकाता के पहुंचने की उम्मीद बची हुई है, वहीं हार से हैदराबाद की राह मुश्किल हो गई है। कोलकाता के दिए 178 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की शुरुआत धीमी रही। टीम को पहला झटका छठे ओवर में लगा। आंद्रे रसेल ने केन विलियमसन को पवेलियन भेजा। 9वें ओवर में राहुल त्रिपाठी को टिम साउदी ने आउट किया। फिर 12वें ओवर में अभिषेक शर्मा को वरुण चक्रवर्ती ने आउट किया। निकोलस पूरन को अगले ही ओवर में सुनील नरेन ने आउट कर दिया। इस बीच एडेन मार्करम ने कुछ बड़े शॉट खेलकर हैदराबाद की उम्मीद को जिंदा रखा, लेकिन 15वें ओवर में मार्करम भी आउट हो गए। 18वें ओवर में हैदराबाद को दो झटके लगे। आंद्रे रसेल ने एक ही ओवर में वॉशिंगटन सुंदर और मार्को जेनसेन को पवेलियन भेजा। फिर 19वें ओवर की पहली गेंद पर टिम साउदी ने शशांक सिंह को आउट किया। कोलकाता की तरफ से आंद्रे रसल ने तीन और साउदी ने दो विकेट लिए। जबकि उमेश यादव, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइटराइडर्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। पारी के दूसरे ही ओवर में टीम को वेंकटेश अय्यर के रूप में पहला झटका लगा। वेंकटेश को मार्को जेनसेन ने आउट किया। इसके बाद बाद नीतीश राणा और अजिंक्य रहाणे ने टीम को संभाला। दोनों ने मिलकर 47 रन की साझेदारी की। इस जोड़ी को उमरान मलिक ने नितिश राणा को आउट कर तोड़ा। इसी ओवर में रहाणे भी आउट हुए। फिर पारी के 10वें ओवर में उमरान ने श्रेयस अय्यर को भी पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रिंकू सिंह को टी नटराजन ने आउट किया। 19वें ओवर में सैम बिलिंग्स को भुवनेश्वर कुमार ने आउट किया। आखिरी ओवर में आंद्रे रसेल ने तीन छक्के जड़ टीम का स्कोर 177 रन तक पहुंचा दिया। रसेल ने 28 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाए।

Monday
16 May 2022

# BNM Fantasy



## ब्रिटनी स्पीयर्स का मिसकैरेज

हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स का हाल ही मिसकैरेज हो गया। इसकी जानकारी खुद ब्रिटनी ने सोशल मीडिया पर दी है। ब्रिटनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर अपना दुख फैंस के साथ साझा किया है। ब्रिटनी ने लिखा है-' बहुत ही दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि हमने अपनी प्रेग्नेंसी की शुरुआत में ही बेबी को खो दिया। ये किसी भी माता-पिता को तोड़ देने वाला है। शायद जब तक हम साथ न आ जाते, तब तक हमें इस गुड न्यूज को दुनिया के सामने बताने के लिए और इंतजार करना चाहिए था। हालांकि, इस खुशखबरी को शेयर करने के लिए हम बहुत एक्साइटेड थे। एक दूसरे के लिए हमारा प्यार ही हमारी ताकत है।

म

*माधुरी के जन्मदिन पर पति डॉ. श्रीराम नेने ने लिखा प्यार भरा नोट*

बॉलीवुड की 'धक-धक' गर्ल माधुरी दीक्षित अपना 55 वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर उनके पति डॉ. श्रीराम नेने ने उन्हें सोशल मीडिया पर खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। डॉ. श्रीराम नेने ने अपनी और माधुरी की प्यारी तस्वीर शेयर की है और इसके साथ ही प्यारा नोट लिखा है। श्रीराम नेने ने लिखा है-'दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला को जन्मदिन की बधाई, मेरी पत्नी, मेरी आत्मा, मेरी सबसे अच्छी दोस्त। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं और तुम्हें जिंदगी में सर्वश्रेष्ठ मिले। आपको शानदार जन्मदिन और आने वाले कई अद्भुत वर्षों की शुभकामनाएं।' डॉ. नेने की इस पोस्ट को फैंस पसंद कर रहे हैं और इसपर प्रतिक्रिया देते हुए माधुरी दीक्षित को जन्मदिन की बधाई भी दे रहे हैं। गौरतलब है कि नब्बे के दशक में अपने शानदार अभिनय से बड़े पर्दे पर राज करने वाली मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने 17 अक्टूबर, 1999 को अमेरिकी मूल के डॉ. श्रीराम नेने से शादी की थी। माधुरी और श्रीराम नेने के दो बेटे रयान और अरिन हैं। अमेरिका में 12 साल बिताने के बाद माधुरी अपने पूरे परिवार के साथ साल 2011 में वापस मुंबई आ गईं। लाखों दिलों पर राज करने वाली माधुरी दीक्षित ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में शानदार अभिनय किया। हाल ही में माधुरी दीक्षित नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज द फेम गेम में नजर आईं। उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया ।



## कटरीना ने साझा की अमेरिका से अपने वीकेंड की झलक

*अर्जुन कपूर ने किया कमेंट*



एक्ट्रेस कटरीना कैफ अपनी एक्टिविटी के चलते काफी चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर अपनी लाइफ से जुडे अपडेट साझा करती रहती हैं। इन दिनों वो अमेरिका में छूट्टिया मना रही हैं, अब जहां से उन्होंने अपने वीकेंड की झलक साझा की है। जिसमें वो एक गेम खेलती हुई दिख रही हैं। इस तस्वीर को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की है। फोटो में कटरीना कैफ कैजुअल शर्ट और डेनिम की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं।इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने खास कैप्शन लिखा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। सेलेब्स कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, नेहा धूपिया ने कमेंट कर लिखा, मुझे ये जगह पसंद है। जबकि अर्जुन कपूर ने कमेंट कर लिखा, एक ब्रिटिश लड़की। आपको बता दें, कटरीना और विक्की ने पिछले साल 9 दिसंबर को राजस्थान स्थित सिक्स सेंस फोर्ट में एक भव्य समारोह में शादी के बंधन में बंधे थे। उनकी शादी में परिवार के लोग और कुछ खास दोस्त शामिल हुए थे। कट-विक्की ने अपने शादी के समारोह को काफी प्राइवेट रखा था। बात अगर कटरीना कैफ के वर्कफ्रंट की करें तो वो फिल्म टाइगर 3 में अभिनेता सलमान खान के साथ मुख्य किरदार नजर आने वाली हैं। इस फिल्म अभिनेत्री पाकिस्तानी एजेंट के रोल में दिखाई देंगी। इस के अलावा वो फिल्म फोन भूत में भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वो सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर के साथ मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस निर्देशक श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी रही फिल्म मेरी क्रिसमस में साउथ के सपुर स्टार विजय सेतुपति के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं।